# कार्यालय पुलिस नियंत्रण कक्ष आयुक्तालय जोधपुर

## प्रेस–नोट
## (दिनांक 04.05.2024)
## आयुक्तालय जोधपुर

श्री राजेंद्र सिंह पुलिस आयुक्त महोदय के निर्देशानुसार दिनांक 04.05.2024 को पुलिस आयुक्तालय जोधपुर में एच. एस. व्यक्तियों का चेकिंग अभियान चलाया गया।

पुलिस आयुक्तालय क्षेत्राधिकार में स्थित समस्त थाना की चेतको द्वारा अपने–अपने थाना क्षेत्र में एच. एस. व्यक्तियों की वर्तमान वस्तु स्थिति व गतिविधियों के बारे में जानकारी प्राप्त करने हेतु थाना स्तर पर चेतको में लगने वाले पुलिस बल को थाना अधिकारी द्वारा ब्रीफ कर हल्का क्षेत्र में रवाना किया गया।

पुलिस आयुक्तालय की समस्त चेतको द्वारा श्रीमान पुलिस आयुक्त महोदय के निर्देशों की पालना में चेतकों द्वारा पुलिस आयुक्तालय के क्षेत्राधिकार में लगभग कुल 465 एच एस व्यक्तियों की चेकिंग अभियान के दौरान 160 निवास स्थान पर मिले, 239 निवास स्थान पर नहीं मिले व 41 न्यायिक हिरासत में है तथा दो की मृत्यु होना पाया गया व दो एच.एस. को थानों के प्रकरण में वांछित होने से गिरफ्तार किया गया।

आमजन से अपील की जाती है कि आपके क्षेत्र में या जानकारी में किसी भी संदिग्ध व्यक्ति या गैर कानूनी गतिविधियों के बारे में जानकारी उपलब्ध होने पर तुरंत पुलिस नियंत्रण कक्ष 100 / 112 पर सूचित करें या नजदीकी पुलिस थाने को सूचित कर जिम्मेदार नागरिक की भूमिका निभावे।

प्रभारी

पुलिस नियंत्रण कक्ष,
आयुक्तालय जोधपुर।